




एक नजर में



## कर्मचारियों की मांगों को लेकर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर.** प्रदेश की नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों, दैनिक वेतन भोगियों व अन्य कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर आयुक्त नगरीय प्रशासन विभाग को सौंपा गया. ज्ञापन में मुख्य मांगें एक सितंबर 2016 तक के कर्मचारियों का विनियमितिकरण, विनियमित कर्मियों का विभिन्न पदों पर नियमितिकरण, चुंगी क्षतिपूर्ति राशि से अघोषित कटौती, तहबाजारी चालू करने, त्रुटिपूर्ण सेवा भर्ती नियम, अनुकंपा अनुदान, न प्र .वि . द्वारा 8 अक्टूबर को जारी पत्र के संबंध में, आउटसोर्स के स्थान पर संविदा नियुक्ति करने, निकायों में सीधी भर्ती के पूर्व मृतक आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति आदि शामिल हैं. इस दौरान संगठन के प्रदेश-जिला व इकाई अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह सोलंकी, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, संजय शुक्ला, शक्ति तिवारी, माजिद खान, तौफिक खान, प्रकाश राठौर, रामचरण कुशवाह, योगेश सिंह, तेजसिंह यादव, कपिल दुबे, बीएस मालवीय व अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे.




## बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर दी जानकारी

**सीहोर.** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं का मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानने के लक्षण एवं सुधार के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. इस अवसर पर महिलाओं से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से बताया गया. कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास की अपर संचालक श्रीमती सीमा सिंह ठाकुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर एवं अन्य महिला हितेषी योजनाओं के बारे में जानकारी दी. कार्यशाला में डीपीओ ज्ञानेश खरे, डायरेक्टर डॉ अखिलेश कुमार शुक्ला, डीएसपी पूजा शर्मा सहित पुलिस, शिक्षा, आईटीआई एवं जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रतिनिधि शामिल हुए.



## दि आक्सफोर्ड स्कूल में हुईं अनेक प्रतियोगिताएं

**सीहोर.** दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंड्री स्कूल में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, चित्रकला एवं पेंटिंग तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई. विद्यार्थियों ने इन सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया. प्राचार्या डॉ. बीना जे कुरियन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता तथा अच्छे संस्कार मजबूत कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं. कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए.



## इलेक्ट्रिकल्स यूनियन की नई कार्यकारिणी का गठन

**सीहोर.** सोमवार को सीहोर इलेक्ट्रिकल्स यूनियन बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया. श्याम जयसवाल को यूनियन का अध्यक्ष, आयुष जैन को उपाध्यक्ष, एवं सुरेश नेमा को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया. वहीं पत्रकार धीरज साहू को यूनियन का मीडिया प्रभारी बनाया गया. इस दौरान सदस्यों ने शुल्क जमा कर यूनियन की सदस्यता ग्रहण की. अध्यक्ष श्याम जयसवाल ने कहा कि यूनियन का मुख्य उद्देश्य सभी इलेक्ट्रिकल व्यापारियों को एक मंच पर लाना, उनके हितों की रक्षा करना व व्यवसायिक सहयोग की भावना को मजबूत करना है. कार्यकारिणी के गठन पर बधाई देने वालों मदेवराज वर्मा,विनोद गर्ग, अली असगर, इब्राहिम सैफी, सिमर सेठी, मुर्तजा सैफी, अनिल सत्तू, धर्मेंद्र कौशल, वैभव जायसवाल, शीलू वर्मा, पंकज कचनारिया, मयंक भगवैया, आयुष राय, प्रकाश प्रजापति, हेमेंद्र मालवीय, धर्मेंद्र मेवाड़ा,राकेश महेश्वरी, राजेश शिवहरे, राहुल बियानी, सीमांत व्यास,अंकित राठौर, आकाश जायसवाल, अशोक मेवाड़ा शामिल रहे. अंत में देवराज वर्मा ने आभार व्यक्त किया.

## जनपद पंचायत में रोजगार मेला 11 को

**आष्टा.** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 11 नवंबर को प्रात:11 बजे से जनपद पंचायत परिसर में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 15 कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, सीआरपी ऑपरेटर, यूटिलिटी फिटर, क्रेडिट कार्ड सेलर के 400 पदों पर भर्ती की जाएगी. इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ जनपद पंचायत परिसर आष्टा में उपस्थित हो सकते हैं. इस अवसर पर जिला चिकित्सालय द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत युवक/युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा एवं उन्हें आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया जाएगा.

# कई कालोनियों में गहराया भीषण जलसंकट

## बिज कॉर्पोरेशन और नगरपालिका में समन्वय का अभाव, पाइप लाइन शिफ्टिंग के कारण जलप्रदाय प्रभावित

- आरओबी निर्माण के चलते हो रही पाइपलाइन शिफ्ट
- एक पखवाड़े से नलों में नहीं आया पानी, नागरिक परेशान

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 नवंबर. सर्दी के मौसम में भी पानी की किल्लत का सामना करना आश्चर्यजनक लगता है, लेकिन मुख्यालय की अनेक कालोनियों में इन दिनों यह नजारे देखने को मिल रहे हैं जब लोग खाली बर्तन लेकर पानी की तलाश में भटक रहे हैं या निजी टैंकरों पर आश्रित हो गए हैं. हाउसिंग बोर्ड कालोनी के समीप बन रहे रेलवे ओवरब्रिज के कारण पाइपलाईन को शिफ्ट किया जा रहा है जिसकी वजह से क्षेत्र में बीते कई दिनों से नलों से एक बूंद पानी भी नहीं टपका है.**




**सीहोर.** बीते कई दिनों से मुख्य पाइपलाईन की शिफ्टिंग के चलते कई कालोनियों की जलप्रदाय व्यवस्था चरमरा गई है.

शहर की हाउसिंग बोर्ड कालोनी सहित आसपास की कालोनियों में पिछले 15 दिनों से नल सूखे पड़े हैं, लेकिन जिम्मेदार इससे बेखबर बने हुए हैं. लोगों को सर्दी के मौसम में भी रोजाना पानी के लिए भटकना पड़ रहा है. हालत यह है कि इस समय लोगों को टैंकर से जलापूर्ति करनी पड़ रही है. इसका प्रमुख कारण निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज (चाणक्यपुरी रोड की तरफ) की दीवार बनाने के दौरान खुदाई में मुख्य पेयजल सप्लाई लाइन क्षतिग्रस्त होना है. ऐसे में नगर पालिका और ब्रिज कार्पोरेशन जबावदेही का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ा जा रहा है. जबकि जल सप्लाई लाइन शिफ्टिंग के बाद ही पानी मिलने की संभावना है.

गौरतलब है कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी के समीप ओवरब्रिज का निर्माण ब्रिज कार्पोरेशन द्वारा कराया जा रहा है. अनेकानेक विवादों के साए में निर्मित हो रहे ओवर ब्रिज के कारण अब लोगों को प्यास भी रहना पड़ रहा है. ब्रिज कार्पोरेशन द्वारा दीवार बनाए जाने के कारण मुख्य पाइपलाईन क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके चलते 15 दिन पहले पेयजल सप्लाई नहीं हो पा रही है. कई दिनों से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है. अब हालत यह हैं कि अपनी खामियों पर पर्दा डालने के लिए जिम्मेदार एक-दूसरे को दोषी तो ठहरा रहे है, लेकिन कोई सुनने या सुधार करने को तैयार नहीं है. हालत यह है कि लोगों को टैंकरों व बोतलबंद पानी पर निर्भर पड़ रहा है. लोगों का कहना है कि हमने वोट दिए थे उम्मीद के साथ, अब उम्मीद है कि हमारी नगर पालिका परिषद जिम्मेदारों पर कार्रवाई करेगी और जल्द से जल्द नियमित पानी की सप्लाई बहाल कराएगी, लेकिन शासन-प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे कालोनियों में जलापूर्ति प्रभावित हो रही है. लोग खाली बर्तन लेकर पानी की तलाश में भटकने को मजबूर हैं.

### ठेकेदार व कार्पोरेशन का कहना, दी थी सूचना

निर्माण ठेकेदार और ब्रिज कारपोरेशन के जिम्मेदारों की मानें तो उन्होंने 23 सितंबर 2024 को ही नगर पालिका को पत्र देकर लाइन क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दे दी थी. इसके बाद 15 अक्टूबर 2025 को फिर से पत्र भेजा गया, जिसमें स्पष्ट लिख हुआ है कि हाउसिंगबोर्ड कालोनी फाटक पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण जारी है जिसमें सीहोर की ओर रिटर्न वाल की खुदाई का कार्य किया जा रहा है. ऐसे में सीवर व पानी की लाइन खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त होने की संभावना है, जिसे अन्यत्र शिफ्ट करें, लेकिन नपा ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया. जब पहले ही चेतावनी दी जा चुकी थी, तो नपा ने समय रहते सप्लाई लाइन को शिफ्ट क्यों नहीं किया. अब जनता को लापरवाही की कीमत चुकाना पड़ रही है.

### 24 घंटे में कराएंगे निराकरण

अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सेतू निर्माण के अनुविभागीय अधिकारी ने पूर्व में पत्र लिख था, जिसके बाद हमने परिषद में संकल्प पारित कर उक्त कार्य करने के लिए राशि की मांग की थी, जो अब तक नहीं आई है, वहीं 15 अक्टबूर को सूचना दी और बिना राशि जमा लिए ही खुदाई प्रारंभ कर दी है. हालांकि अब नगरपालिका पेयजलापूर्ति की समस्या का आगामी 24 घंटे में निराकरण कर देगी.

**प्रिंस राठौर,**
नगरपालिका अध्यक्ष

## गांजे के सौदागर को 5 साल की सश्रम कैद

**सीहोर.** अवैध रूप से 5 किलो मादक पदार्थ गांजा के साथ पकड़े गए एक व्यक्ति को विशेष न्यायाधीश दोषी पाए जाने पर 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है. मामले में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक रेखा चौरसिया द्वारा की गई थी. अभियोजन के बताए अनुसार घटना दिनांक 14 मई 2020 को श्यामपुर थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बदमाश अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने की फिराक में कई किलो गांजा लेकर जा रहा है. सूचना के बाद थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ श्यामपुर में सोंठी की पुलिया के पास पहुंचे और घेराबंदी की. इस दौरान वहां एक व्यक्ति खड़ा मिला जिसके पास एक झोला था. पुलिस ने पूछताछ करते हुए जब उसके पास मौजूद झोले की तलाश ली तो झोले में 5 किलो मादक पदार्थ गांजा पाया गया. आरोपी से पूछताछ में उसने अपना नाम रईस खां पिता नत्थे खां 50 साल निवासी गांव मुख्तारनगर थाना श्यामपुर बताया. पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया. पुलिस ने मामले की जांच पूर्ण कर चालान न्यायालय में पेश किया. जहां तमाम तथ्यों एवं साक्ष्यों की सूक्ष्म विवेचना करते हुए विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस हेमंत जोशी ने मादक पदार्थ के कारोबारी रईस खां को 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है.

## तालाब में डूबा जिला जेल प्रहरी, तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 नवंबर.** मंडी थाना अंतर्गत आने वाले जमोनिया तालाब में नहाने गया जेल प्रहरी गहरे पानी में चले जाने से डूब गया. स्थानीय गोताखोरों द्वारा उसकी तलाश की जा रही है तो एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर रवाना किया गया है.

जानकारी के अनुसार जिला जेल में पदस्थ जेल प्रहरी अजय पठारिया मंगलवार की शाम लगभग पांच बजे पुलिस लाईन स्थित एक महिला आरक्षक के साथ जमोनिया तालाब पर घूमने गए थे. बताया जाता है कि इस दौरान वह नहाने तालाब में उतरे. गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गए. इस हादसे की जानकारी वहां मौजूद महिला आरक्षक व अन्य लोगों ने मंडी पुलिस को दी. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से जेल प्रहरी को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है. इस मामले में नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदना शर्मा का कहना है कि जेल प्रहरी के जमोनिया तालाब में डूबने की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है तथा उसकी तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं. इसके अलावा एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया है. समाचार लिखे जाने तक तालाब में डूबे जेल प्रहरी की तलाश की जा रही थी. हालांकि अंधेरे को देखते हुए अगले दिन फिर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाएगा.

# राहत ! अब दो मंडियों में हो सकेगी उपज की नीलामी

- प्रशासन ने नीलामी के लिए दो स्थानों को किया चिन्हित
- किसानों और व्यापारियों को मिलेगी काफी राहत

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 4 नवंबर.** कृषि उपज मंडी में बंपर आवक के चलते मंडी परिसर छोटा पड़ गया. इस व्यवस्था को सुचारू व पटरी पर लाने के लिए प्रशासन व मंडी प्रशासन ने निर्णय लिया कि अब एक जगह नहीं दो जगह उपज की नीलामी होगी.



इन दिनों मंडी में उपज की जोरदार आवक हो रही है, जिसके कारण ट्रैक्टर ट्रालियां मंडी परिसर के बाहर मुख्य मार्ग पर दोनों ओर लंबी-लंबी कतारों में लग रही हैं. किसानों को अपनी उपज नीलामी का इंतजार करना पड़ता था. सड़क पर ट्रालियों की लगी कतारों से व्यापारियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता था. साथ ही आवागमन करने वाले वाहन मालिकों को भी रेंगते हुए निकलना पड़ता था. कई बार तो जाम की स्थिति भी बन जाती थी. किसानों की परेशानी को देखते हुए प्रशासन के साथ-साथ मंडी प्रशासन ने यह निर्णय लिया कि अब उपज की नीलामी एक जगह न होकर दो जगह कराई जाएगी ताकि किसानों को भी सुविधा हो और व्यापारियों को भी परेशानियों को सामना न करना पड़े. इसलिए मक्का उपज को छोड़ दिया जाए तो गेहूं, चना, सोयाबीन, मूंग, एवं अन्य उपज की नीलामी पूर्व की तरह मंडी में होगी. मक्का की उपज राला, पारदीपुरा स्थित नवीन कृषि उपज मंडी में होगी. प्रशासन के इस निर्णय से किसानों ने राहत के साथ ली है वहीं व्यापारियों ने भी इस निर्णय को सराहा. उनका कहना है कि ट्रैक्टर-ट्रालियां मुख्य मार्ग पर खड़े होने से हमारा व्यापार प्रभावित हो रहा था. लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. प्रशासन ने इसे ध्यान में रखते हुए उपज नीलामी के लिए 2 स्थान चिन्हित किए हैं.

# ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को तराशने हो रहा खेल महोत्सव

- नगर में पहुंची मशाल यात्रा का किया अभूतपूर्व स्वागत
- आज से प्रारंभ होंगी अनेक खेल प्रतियोगिताएं

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 4 नवंबर.** केंद्र सरकार के निर्देश पर देश के 543 संसदीय क्षेत्र में ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के लिए सांसद खेल महोत्सव के तहत विदिशा संसदीय क्षेत्र में भी खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है.

विदिशा संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभा क्षेत्र के लिए मशाल यात्रा रवाना हुई थी. जो सोमवार को मंडल सेक्टर से होती हुई खेल एवं युवक कल्याण के खेल स्टेडियम में विधायक रमाकांत भार्गव के नेतृत्व में खिलाड़ियों के बीच पहुंची जहां खिलाड़ियों के साथ खेल विभाग से जुड़े लोगों ने मशाल रैली का स्वागत किया.



इस अवसर पर विधायक रमाकांत भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण क्षेत्र में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेल महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया. इस प्लेटफार्म से कई ग्रामीण प्रतिभाएं प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपना जौहर दिखा सकती हैं. बुधवार से बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग खेल प्रतिभागी मैदान में जोर अजामाईश कर खेल प्रतिभा को निखारने के लिए आपस में भिड़ेंगे. खेल महोत्सव के तहत क्रिकेट, कबड्डी, खो खो, रस्सा-कसी, कुर्सी दौड़ ,चम्मच दौड़, सहित विभिन्न खेलों का मंडल स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक आयोजन होंगे. इस मौके पर रघुनाथ सिंह भाटी, रवि मालवीय, मिश्रीलाल विश्वकर्मा, आशीष शर्मा, पवन मीणा, ओम पटेल, राजेश पंवार, सचिन त्रिवेदी, नीलमणि सेंगर, सतीश चन्द्र लारा, राकेश पवार, राहुल महेश्वरी, सुनील पवार, सुजाता कुशवाहा व बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों के साथ खिलाड़ी मौजूद थे.

## नाबालिग को बरामद कर परिजनों को सौंपा

नवभारत न्यूज

**बुधनी 4 नवंबर.** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को बरामद कर बरामद किया गया साथ ही जागरुकता अभियान चलाया गया.

जानकारी के अनुसार 27 अक्टूबर को परिजनों ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग बालिका के गुमने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी. एसडीओपी रवि शर्मा द्वारा थाना प्रभारी चैनसिंह रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई. बालिका को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया. इस कार्यवाही में उप निरीक्षक कुसुमकली एवं महिला आरक्षक सुनीता और पूजा का विशेष योगदान रहा.



बालिकाओं की बरामदगी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत शासकीय हाई स्कूल टीटीसी में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें एसडीओपी रवि शर्मा द्वारा बच्चों को पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह, साइबर अपराध आदि के संबंध में जानकारी दी. साथ ही स्कूल के शिक्षकों को बच्चों से संवाद के लिए जागरूक किया.

## किशोरी ने फांसी पर झूलकर दी जान

**सीहोर.** थाना कोतवाली अंतर्गत आने वाले भारती नगर में मंगलवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते 17 वर्षीय किशोरी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली अंतर्गत आने वाले भारती नगर निवासी महेश जांगड़े की 17 वर्षीय पुत्री रोशनी ने मंगलवार की दोपहर अपने घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को नीचे उतरवाते हुए पीएम के लिए भेजा है. मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है.

धार्मिक

कुबेरेश्वर धाम में भगवान शिव व विष्णु के मिलन महोत्सव में लेजर किरणों ने बांधा समां


# हरी- हर के मिलन का साक्षी बने हजारों श्रद्धालुजन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 नवंबर.** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में बैकुंठ चतुर्दशी पर मंगलवार को को आस्था का सैलाब उमड़ा.

देशभर से आने वाले श्रद्धालु सुबह से ही जल, नरियल, दूध, फल और फूल अर्पित करने वाले श्रद्धालुओं की लाईन लग चुकी थी. इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने सुबह श्रद्धालुओं से चर्चा की. पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला सहित अन्य ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया. इसके अलावा भगवान शिव और भगवान विष्णु के इस हरि-हर मिलन के साक्षी हजारों श्रद्धालु बने. इस अदभुत हरि-हर मिलन को देखने के लिए देश भर से श्रद्धालु धाम पहुंचे थे. हरि-हर मिलन की यह परम्परा वैष्णव और शैव संप्रदाय के समन्वय और सौहार्द का प्रतीक है. वहीं बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर असंख्य दीपदान भी किया जाएगा.

बैकुंठ चतुर्दशी पर सुबह ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर से बाहर सडक़ तक पहुंच गई थी। वहीं मंदिर की ओर आने वाले मार्ग में वाहनों की कतार लगी हुई थी, बाहर से आने वाले श्रद्धालु ने यहां पर पूजा अर्चना के बाद भगवान को दूध और जल अर्पित कर गंतव्य की ओर रवाना हो



जाते हैं। शाम को मंदिर परिसर में भव्य आतिशबाजी की गई.

विठलेश सेवा समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि मंगलवार को अंतराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में आस्था और उत्साह के साथ श्री हरि-हर मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर में में महाराणा प्रताप अखाड़े के अनु चौहान और आनंद आदि बालिकाओं ने अपनी कलाबाजी दिखाई. इसके अलावा छत्तीसगढ़ से आए धनु धमाल बैंड-बाजे के साथ पालकी निकाली गई. इस मौके पर हजारों की संख्या में देश भर से आए श्रद्धालु मौजूद थे.

## जनसुनवाई में लोगों ने बताईं समस्याएं

**सीहोर.** मंगलवार को जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 35 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.